# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2025/1507 दिनांक : 31-12-2025

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार
## स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर एवं BBA & BCA प्रथम सेमेस्टर परीक्षा-2026 (दिसम्बर-2025) के परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विज्ञप्ति

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के स्नातक प्रथम (ड्यू), स्नातक तृतीय एवं स्नातक पंचम सेमेस्टर एवं BBA & BCA प्रथम सेमेस्टर के परीक्षार्थियों हेतु परीक्षा आवेदन पत्र वेबसाईट https://erp.univindia.org पर ऑनलाईन माध्यम से भरने हेतु कार्यक्रम निम्नानुसार जारी किया जाता है :

| पाठ्यक्रम | बिना विलम्ब शुल्क | विलम्ब शुल्क रू. 100/-सहित | विलम्ब शुल्क रू. 500/-सहित |
|---|---|---|---|
| स्नातक (B.A., B.Sc., B.Com.) प्रथम सेमेस्टर (ड्यू), स्नातक तृतीय एवं स्नातक पंचम सेमेस्टर एवं BBA & BCA प्रथम सेमेस्टर | 01/01/2026 से 07/01/2026 | 08/01/2026 से 10/01/2026 | 11/01/2026 से 12/01/2026 |

1. सर्वर डाउन की समस्या से बचने के लिए, आवेदन की अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें।
2. परीक्षा सम्बन्धित सूचना हेतु विश्वविद्यालय वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in एवं https://erp.univindia.org का निरन्तर अवलोकन करें।

### सामान्य निर्देश

1. नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी-ग्रेड (C-Grade) न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक एवं न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी। अतः परीक्षार्थी अपनी योग्यता की जांच कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
2. **सभी परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है।** अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई.डी., आधार नम्बर व ABC ID दर्ज करें। गलत सूचना दर्ज की जाने पर आवेदन पत्र निरस्त की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
3. परीक्षा विज्ञप्ति एवं दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in पर उपलब्ध है।
4. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान एक बार किये जाने के पश्चात 24 घंटे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify की जांच करने पर यदि Payment Not Success होता है तो पुनः भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ करें। निर्धारित समयावधि से पूर्व अतिरिक्त भुगतान की जिम्मेदारी आवेदनकी होगी। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नही होगा।
5. यदि Payment Success के उपरान्त भी आवेदन द्वारा एक से अधिक परीक्षा आवेदन के लिए भुगतान किया जाता है तो समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी, तथा विश्वविद्यालय में जमा अतिरिक्त परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नही होगा।
6. सम्बन्धित महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी नोट करें कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षार्थियों को एक बार ही नामांकन संख्या आवंटित की जाती है, भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के संदर्भ में आवंटित की गई नामांकन संख्या पूर्ववत (Same as alreday alloted) रहेगी।
7. परीक्षार्थी एक समय में केवल एक ही पूर्ण सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पात्र होगा।
8. छात्र सुविधा हेतु हेल्पलाईन नम्बर 6367513624 एवं बैंक हैल्पलाईन नम्बर 9887684516 पर सम्पर्क कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2025/1508-15 दिनांक : 31-12-2025

<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-</u>

1. (i) समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा फार्म महाविद्यालय पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार सही है एवं परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी वांछित दस्तावेजों के साथ संलग्न है। निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण दिशा-निर्देश में अंकित है जो विश्वविद्यालय वेबसाइट www.rrbmuniv.ac.in पर उपलब्ध है। **विश्वविद्यालय से किसी भी प्रकार के पत्र व्यवहार में कृपया परीक्षा केन्द्र/महाविद्यालय कोड/मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से अंकित करें।**

   (ii) विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों एवं विषयों के अनुसार ही नियमित छात्रों से फार्म भरवाए गए है, इस आश्य का शपथ पत्र सम्बन्धित प्राचार्य द्वारा विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा अन्यथा स्थिति में आवंटित सीटो से अधिक भरवाये गये परीक्षा आवेदनों को स्वयंपाठी माना जाएगा।

   (iii) **माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, यह सम्बन्धित महाविद्यालय प्राचार्य सुनिश्चित कर लें। इस सम्बन्ध में किसी भी अनियमितता के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय जिम्मेदार रहेंगे।**

   (iv) पूर्व की भांति केवल स्वयंपाठी छात्रों हेतु ही उनके परीक्षा फार्म अग्रेषण का शुल्क रू. 8/- प्रति छात्र सम्बन्धित महाविद्यालयों को देय होगा।

2. आई.टी. प्रभारी को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक को प्रेषित कर लेख है कि वे यह सुनिश्चित करने का श्रम करे कि परीक्षा-2026 हेतु बैंक गेटवे द्वारा जमा किये गये परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के मुख्य बैंक खातों में जमा करवा दी गई है एवं जमा विवरण प्राप्त कर Reconcile करने का श्रम करें।
4. मीडिया प्रभारी को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार अलवर जिले में प्रकाशित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
5. प्रबन्धक, सम्बन्धित बैंक, अलवर।
6. निजी सचिव, माननीय कुलगुरू/कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक।
7. समस्त अनुभाग/विभाग, परीक्षा गोपनीय अनुभाग/अकादमिक-। व।।/सेलर, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड शाखा।
8. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म।

परीक्षा नियंत्रक

# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2025/1516 दिनांक : 31-12-2025

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर एवं BBA & BCA प्रथम सेमेस्टर परीक्षा-2026 (दिसम्बर-2025) के परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी दिशा-निर्देश

1. सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व महाविद्यालय एवं परीक्षार्थी विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध नोटिफिकेशन *"NEW ORDINANCES RELATED TO NEP-2020 IMPLEMENTATION IN UNDERGRADUATE COURSES IN THE FACULTIES OF ARTS / COMMERCE /FINE ARTS/ SCIENCE/ SOCIAL SCIENCE AS PER UOR"* का अवलोकन कर ही परीक्षा आवेदन पत्र भरें।
2. नियमित विद्यार्थियों को सेमेस्टर के अन्त में- परीक्षा (EoSE) में पात्रता हेतु सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी-ग्रेड (C-Grade) न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक एवं न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक होगी।
3. सम्बन्धित प्राचार्य अपने स्तर पर 40 प्रतिशत अंक व 75 प्रतिशत उपस्थिति के सुनिश्चित होने के उपरान्त ही सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय को अग्रेषित करे। महाविद्यालय द्वारा अग्रेषित परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर महाविद्यालय पर नियमानुसार कार्यवाही कर पेनल्टी लगायी जा सकती है।
4. परीक्षार्थियों द्वारा डाक से प्रेषित परीक्षा फार्मो को स्वीकार नहीं किया जायेगा। अतः निर्धारित समय में सम्बन्धित महाविद्यालय में ही परीक्षा फार्म जमा करायें।
5. **सभी परीक्षार्थियों को आवेदन पत्र भरने हेतु ABC ID आवश्यक है।** अतः विद्यार्थी परीक्षा आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर स्वयं का मोबाईल नम्बर, ई-मेल आई.डी., आधार नम्बर व ABC ID दर्ज करें।
6. परीक्षा आवेदन पत्र, समय-सारणी तथा परीक्षा आयोजन सम्बन्धित अन्य जानकारियों हेतु वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in का निरन्तर अवलोकन करते रहे।
7. परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान एक बार किये जाने के पश्चात पुनः भुगतान, 24 घण्टे की समयावधि में पोर्टल पर Payment Verify करने पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में ही किया जावें। विश्वविद्यालय में जमा परीक्षा शुल्क वापस (Refund) नही होगा।
8. परीक्षार्थी आवेदन पत्र निर्देशों को भली-भांति पढकर ही भरें। यदि परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के निर्देशों के अनुसार नहीं भरा जाता है तो आवेदन पत्र/परीक्षा निरस्त होने के लिए परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
9. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा कराने के पश्चात निर्धारित समय सीमा मे परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी मय आवश्यक दस्तावेजों तथा पूर्व में उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण अंकतालिकाओं के साथ संबधित महाविद्यालय में जमा कराना आवश्यक है। परीक्षा आवेदन पत्र जमा नहीं कराने की स्थिति में प्रवेश पत्र जारी नही होगा। सिर्फ परीक्षा शुल्क जमा कराने के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित होने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।
10. परीक्षार्थी ध्यान रखे कि विश्वविद्यालय में डाक द्वारा प्राप्त परीक्षा आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अतः ऐसे परीक्षा फार्म स्वतः ही निरस्त समझे जाएगें।
11. सम्बन्धित महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि कुल प्रवेशित विद्यार्थियों तथा परीक्षा फार्मों की संख्या महाविद्यालय को आवंटित सीटों से अधिक नहीं है तथा विद्यार्थी द्वारा परीक्षा फार्म में भरे गये विषयों का मिलान महाविद्यालय को आवंटित विषयों तथा विद्यार्थियों को प्रदान किये गये विषय संयोजन से मिलान कर लिया है तथा सभी विद्यार्थियों ने न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के साथ मिडटर्म परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लिये है। इन तथ्यों का स्पष्टतया सत्यापन करने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र को विश्वविद्यालय को अग्रेषित करें।

12. स्नातकोत्तर (भूगोल) एवं स्नातक (कला/विज्ञान) परीक्षा में जिन स्वयंपाठी परीक्षार्थियों ने प्रायोगिक विषय का चयन किया है, उन्हें निर्धारित प्रशिक्षण केन्द्रों पर प्रायोगिक विषयों में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य हैं अन्यथा वे प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। स्नातक/स्नातकोत्तर में प्रायोगिक विषयों का चयन करने वाले स्वयंपाठी विद्यार्थियों से प्रति विषय अनुसार निर्धारित प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क आवेदन पत्र के साथ ही ऑनलाईन जमा कराया जावेगा।
13. पूर्व में आयोजित सेमेस्टर परीक्षा में बकाया/अनुतीर्ण प्रश्नपत्र वाले Ex-Student/Non-Collegiate परीक्षार्थियों द्वारा यदि पूर्व में आयोजित सेमेस्टर के किसी भी विषय, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होकर क्रेडिट अर्जित कर लिये गये है, उन्हें उस विषय, आन्तरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा में पुनः सम्मिलित होने की आवश्यकता नहीं होगी। उनके द्वारा पूर्व में अर्जित क्रेडिट/अंकों को आगे स्थानान्तरित (Carry Forward) कर दिया जावेगा। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का पाठ्यक्रम नियमित परीक्षार्थियों की भांति ही होगा। स्वयंपाठी परीक्षार्थियों की सतत् मूल्यांकन (मिडटर्म) परीक्षाएं नहीं होगी।
14. सेमेस्टर III, IV एवं V में परीक्षार्थियों को एक Multidisciplinary विषय का चयन करना होगा, जो इन तीनों सेमेस्टर में समान रहेगा। उक्त Multidisciplinary विषय 12वीं कक्षा में अध्ययन किये विषयों एवं स्नातक हेतु आवेदित संकाय के विषयों से भिन्न होगा। *जैसे कि - किसी विद्यार्थी द्वारा 12वीं कक्षा विज्ञान संकाय के विषयों से उत्तीर्ण करने के उपरान्त स्नातक में कला संकाय में प्रवेश लिया है तो उक्त विद्यार्थी Multidisciplinary विषय के रूप में विज्ञान एवं कला संकाय के विषय को छोडकर अन्य संकाय जैसे सामाजिक विज्ञान/वाणिज्य/ललितकला संकाय के विषय का चयन करेगा।*
15. सेमेस्टर I, II, III, IV एवं VI में परीक्षार्थियों को एक SEC एवं एक VAC विषय का चयन करना होगा, जो इन सभी सेमेस्टर में हर बार पृथक-पृथक रहेगा।
16. सेमेस्टर-II में FAIL परीक्षा परिणाम वाले परीक्षार्थी सेमेस्टर-I के बकाया/अनुतीर्ण प्रश्न-पत्र हेतु तथा सेमेस्टर-IV में NPROM परीक्षा परिणाम वाले परीक्षार्थी सेमेस्टर-I/सेमेस्टर-III के बकाया/अनुतीर्ण प्रश्न-पत्र हेतु आवेदन पत्र भरेंगे।
17. सेमेस्टर-IV में BPROM / PPROM परीक्षा परिणाम वाले परीक्षार्थी ही सेमेस्टर-V व बकाया प्रश्न-पत्र (यदि कोई हो तो) हेतु आवेदन पत्र भरेंगे।
18. यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा पूर्व में सेमेस्टर-II अथवा सेमेस्टर-IV हेतु परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा गया है तो ऐसे परीक्षार्थी को आगामी सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी, उसे सेमेस्टर-II अथवा सेमेस्टर-IV की परीक्षा में Ex-Student/Non-Collegiate के रूप में परीक्षा देनी होगी।
19. परीक्षार्थी की श्रेणी (Category) में परिवर्तन केवल सेमेस्टर-III अथवा सेमेस्टर-V में ही किया जाना संभव होगा। श्रेणी (Category) में परिवर्तन केवल उसी स्थिति में किया जा सकेगा, जब परीक्षार्थी द्वारा पूर्व के सभी सेमेस्टरों के समस्त क्रेडिट बिना किसी Backlog/Due के अर्जित कर लिए गए हों।
20. विश्वविद्यालय से सम्बन्धित सभी महाविद्यालयों एवं परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षार्थियों द्वारा भरे आवेदन पत्र में संशोधन निम्नानुसार किये जा सकेंगे :
    महाविद्यालय स्तर पर किये जाने वाले संशोधन - Subject Correction
    परीक्षार्थी स्तर पर किये जाने वाले संशोधन - Student Name (in Hindi), Father's Name (in Hindi & English), Mother's Name (in Hindi & English), Gender, Date of Birth, Adhaar Number इनके अतिरिक्त अन्य संशोधन विश्वविद्यालय स्तर पर किये जावेंगे।
21. ऐसे छात्र जिन्होंने अपनी परीक्षा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर से उत्तीर्ण की है वे अपनी अंकतालिका की सत्यापित कॉपी ऑनलाईन परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न करें। राजस्थान बोर्ड/राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के अतिरिक्त परीक्षा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपना मूल प्रवजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) एवं मूल अंकतालिका की सत्यापित फोटो प्रति संलग्न करें।
22. सम्बन्धित महाविद्यालय नामांकन/परीक्षा फार्मों की हार्ड कॉपी को पोर्टल पर वैरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उसी सूची के अनुरूप परीक्षा फार्मों को संकाय/कक्षावार फार्म संख्या के क्रमानुसार व्यवस्थित करें। नामांकन फार्मों को मूल प्रवजन प्रमाण-पत्र (माईग्रेशन) एवं अंकतालिकाओं के साथ सूची सहित विश्वविद्यालय द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत किया जाये।

23. सर्वप्रथम छात्र विश्वविद्यालय वेबसाईट https://erp.univindia.org पर संबंधित कक्षा की श्रेणी (यथा नियमित/स्वयंपाठी/पूर्वछात्र) का चयन कर अध्ययन किये गये विषयों का चयन करते हुये परीक्षा फॉर्म भरेंगे।
24. फार्म ऑनलाईन पूर्ण भरने के पश्चात् भरे गये फार्म के आधार पर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ही शुल्क का निर्धारण होगा। इस चरण में फार्म प्रिंट नहीं होगा केवल फीस निर्धारित होगी। निर्धारित परीक्षा शुल्क की अदायगी ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया में निर्दिष्ट ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से नेट बैंकिग/डेबिट कार्ड (एटीएम)/क्रेडिट कार्ड आदि से ही करनी होगी। शुल्क अन्य किसी माध्यम से जमा नहीं होगा। परीक्षा शुल्क जमा होने के बाद परीक्षा फार्म का प्रिंट ले सकेंगें।
25. यदि परीक्षा फॉर्म में छपी हुई कोई भी सूचना सही नहीं है या आपके विवरण से मेल नहीं खाती है तो इसे निरस्त मान कर प्रारम्भ से नया परीक्षा फॉर्म भरें। परीक्षा फॉर्म में मुद्रित सभी सूचनाएं सही होने पर ही भुगतान की प्रक्रिया हेतु आगे बढें।
26. नियमित परीक्षार्थी अपने परीक्षा फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय जिसके वे नियमित परीक्षार्थी हैं वहॉ पर जमा करवायें।
27. पूर्व परीक्षार्थी (Ex-Student) परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी उसी महाविद्यालय में जमा करवायें, जिस महाविद्यालय से वे नियमित परीक्षार्थी के रूप में अनुतीर्ण हुये थे, परन्तु ऐसे महाविद्यालय जो बंद हो चुके है, उनके पूर्व परीक्षार्थी निकटवर्ती राजकीय महाविद्यालयों में परीक्षा फार्म जमा करवा सकेंगे। संबंधित महाविद्यालय ऐसे छात्रों की पृथक से सूची तैयार कर परीक्षा फार्म के साथ विश्वविद्यालय को भेजें।
28. स्वयंपाठी परीक्षार्थी अपने परीक्षा आवेदन पत्र को परीक्षा फार्म पर अंकित महाविद्यालय में जमा करायें।

**स्नातक सेमेस्टर-I, I (Due/Ex), III & V एंव परीक्षा-2026 (दिसम्बर-2025) के लिए परीक्षा शुल्क**

| S. No. | Name of Examination | Category of Students | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Regular | Ex-Students | Non-Collegiate |
| 1. | Student already enrolled<br>B.A./B.Sc./B.Com. (Pass/Hons.)<br>B.B.A./B.C.A. Semester-I | ₹ 1450 | ₹ 1970 | ₹ 2530 |
| 2. | Student not enrolled<br>B.A./B.Sc./B.Com. (Pass/Hons.)<br>B.B.A./B.C.A. Semester-I | Rajathan Board Students | | |
| | | ₹ 1790 | - | - |
| | | Non Rajathan Board Students | | |
| | | ₹ 2130 | - | - |
| 3. | B.A./B.Sc./B.Com. (Pass/Hons.)<br>each semester – III & V | ₹ 1450 | ₹ 1970 | ₹ 2530 |
| 4. | B.A./B.Sc./B.Com. (Pass/Hons.)<br>Semester- III<br>With due paper of semester-I | ₹ 2160 | ₹ 2910 | ₹ 3760 |
| 5. | B.A./B.Sc./B.Com. (Pass/Hons.)<br>Semester- V<br>With due paper of semester-I & III | ₹ 2520 | - | ₹ 4380 |
| 6. | Physically Challenged Students<br>each semester | ₹ 730 | ₹ 830 | ₹ 1180 |

**नोट :- उक्तानुसार परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त निम्नानुसार शुल्क पृथक से देय होगा :**

I. **प्रायोगिक परीक्षा शुल्क** रू. 170/- प्रति प्रश्न-पत्र नियमित एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों द्वारा देय होगा।
II. **प्रायोगिक प्रशिक्षण शुल्क** विज्ञान संकाय हेतु रू. 750/- प्रति विषय एवं विज्ञान संकाय के अतिरिक्त अन्य संकाय हेतु रू. 500/- प्रति विषय स्नातक स्तर के स्वयंपाठी परीक्षार्थियों द्वारा देय होगा।
III. **विकास शुल्क** रू. 50/- तथा **स्पोर्ट्स बोर्ड शुल्क** रू. 50/- प्रत्येक नियमित परीक्षार्थी द्वारा देय होगा।

29. शारीरिक रूप से विकलांग, नेत्रहीन, मूक बधिर (स्थाई/आंशिक) छात्रों को केवल परीक्षा शुल्क की छूट है। इस संबंध मे कनिष्ठ विशेषज्ञ द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र जो कि चिकित्सा अधिकारी से प्रति हस्ताक्षरित हो, आवेदन-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा सामान्य निर्धारित शुल्क देय होगा।
30. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उक्त परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त संबंधित महाविद्यालय द्वारा अन्य कोई शुल्क परीक्षार्थियों से नही लिया जावें।
31. छात्र सुविधा हेतु हेल्पलाईन नम्बर 6367513624 एवं बैंक हैल्पलाईन नम्बर 9887684516 पर सम्पर्क कर सकते है।

परीक्षा नियंत्रक